श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016)

एफ.1(50)/ल.ब.स.रा.सं.वि./सा.प्र. /2024-25/360 दिनांक: 10.06.2026

कार्यालय आदेश

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार 15.06.2026 को **"विश्व रक्तदान दिवस"** मनाया जायेगा। जिसका उद्देश्य अधिक लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

"मानवता की एक बूंद — रक्तदान करें, जीवन बचाएँ।"
इस नारे के साथ रक्त संग्रह को अनुकूलित करना है।

"विश्व रक्तदान दिवस" के उपलक्ष में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं हेतु सारस्वत साधना सदन के भूतल पर स्थित योग सभागार में दिनांक 15 जून, 2026 को मध्याह्न 12:00 बजे निम्नलिखित कार्यक्रम आयोज़ित किये जायेंगे:-

1. शपथ ग्रहण समारोह (माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में)
2. विश्वविद्यालय में कार्यरत डॉ० के.एल. ठाकुर (हेल्थ केयर यूनिट) द्वारा स्वैच्छिक 'विश्व रक्तदान दिवस' के अवसर पर बिन्दुवार जागरूकता व्याखान प्रस्तुत किया जायेगा:-
   क) निःशुल्क रक्तदान, विश्वभर में रक्त की कमी एवं आवश्यकता, रक्त की असमान उपलब्धता से होने वाली समस्या
   ख) रक्त एवं प्लाज़्मा दान के जीवन रक्षक प्रभाव से अवगत करवाना तथा इसके लिए प्रोत्साहित करना
   ग) रक्तदान से होने वाले स्वास्थ्य लाभ एवं Safe Blood Transfusion के अन्तर्गत सार्वभौमिक पहुँच का लक्ष्य
3. छात्र-कल्याण पीठ प्रमुख के सहयोग से NCC/ NSS प्रमुख द्वारा रक्तदाताओं के महत्वपूर्ण योगदान के विषय में बताना तथा एकजुटता, मानवता और सामूहिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को प्रोत्साहित करना।

इस कार्यक्रम का आयोजन छात्र-कल्याण पीठ प्रमुख एवं NCC/NSS प्रमुख के सहयोग से किया जायेगा। आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तथा फोटोग्राफ सहित मंत्रालय को सम्बन्धित ई-मेल mpkhobragade@gov.in पर भेजा जायेगा। उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

यह कार्यालय आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है।

अनुभाग अधिकारी (सा.प्र.)

प्रतिलिपि: सूचनार्थ प्रस्तुतः –

1. आचार्य मार्कण्डेय नाथ तिवारी, छात्रकल्याण संकाय प्रमुख

2. NCC/NSS प्रमुख (DSW के निर्देशें में कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तथा फोटोग्राफ सहित मंत्रालय को सम्बन्धित ई-मेल mpkhobragade@gov.in पर भेजें)
3. विशेष कार्याधिकारी (कुलपति कार्यालय)/जन सम्पर्क अधिकारी/ छात्रावास अधिष्ठाता
4. अभियांत्रिकी विभाग को इस आशय से प्रेषित किया जाता है कि कार्यक्रम स्थल पर विद्युत् उपकरण इत्यादि की व्यवस्था के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें।
5. संगणक केंद्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करें एवं कार्यक्रम हेतु फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की सुविधा प्रदान करें। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के बारे में समस्त अध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्हाट्सएप/SMS के माध्यम से सूचित करें।
6. समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को सूचनार्थ
7. निजी सचिव – कुलपति/ कुलसचिव/ वित्ताधिकारी
8. सभी विभागों को सूचनार्थ
9. समस्त सूचना पट्ट – छात्र-छात्राओं को सूचनार्थ
10. संबंधित पंजिका

अनुभाग अधिकारी (सा.प्र.)

for n.a. pls
10/06/26

Sachin
Sameer